कार्यालय अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर–02

पत्रांक : 532/शैक्षिक / छात्रवृत्ति / 2024 दिनांक : 23/08/2024

:: आवश्यक सूचना ::

विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024–25 में अध्ययनरत समस्त पाठ्यक्रम के छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि समाज कल्याण द्वारा निर्गत दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत (http://scholarship.up.gov.in) पोर्टल पर आवेदन किया जाना प्रारंभ हो चुका है। ऐसे छात्र–छात्राएं जो इच्छुक है वह अपना आवेदन संबंधित दस्तावेजों को संलग्नक करने के पश्चात् छात्रवृत्ति पटल पर समयावधि में जमा करना सुनिश्चित करें।

उक्त के सम्बन्ध में छात्र–छात्राओं को दिये गये वेबसाइट पर पूर्ण गाइडलाइंस एवं समय सारिणी को पढ़ने के उपरान्त ही आवेदन करना सुनिश्चित करें।

(डा0 राशि अग्रवाल)
नोडल अधिकारी, छात्रवृत्ति
एवं
सह–अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप
एच0बी0टी0यू0, कानपुर

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिष्ठात, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि सूचना को समस्त छात्रावासों के सूचनापट्टों पर प्रदर्शित कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ कि सूचना को अपने विभाग के सूचना पट पर प्रदर्शित कराते हुए छात्रों के छात्रवृत्ति आवेदन प्रपत्र पर उनकी उपस्थिति 75% से कम नहीं होने को प्रमाणित करने का कष्ट करें।
3. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि सूचना को विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
4. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
5. छात्रवृत्ति अनुशंसा समिति के संयोजक एवं सदस्यगणों को इस आशय के साथ प्रेषित की छात्र / छात्राओं द्वारा ऑनलाइन किये गये आवेदन पत्र को विभागाध्यक्ष द्वारा अग्रसारित कराये जाने के उपरान्त अपनी संस्तुतियां प्रदान करने का कष्ट करें।

(डा0 राशि अग्रवाल)
नोडल अधिकारी, छात्रवृत्ति
एवं
सह–अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप
एच0बी0टी0यू0, कानपुर